https://www.facebook.com/mandavya.times

शुभ नवरात्रि

# माण्डव्य टाईम्स

मंडी, 25 सितम्बर 2025 (गुरुवार )

Postal No.RNI 68989/98 आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी , विक्रमी संवत्-2082 Contact No-89882 91309

# सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में अंतर-महाविद्यालय निशानेबाजी व कबड्डी चैंपियनशिप का आगाज़

## वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में 30 टीमों के 252 खिलाड़ी ले रहे भाग

• संजीव शास्त्री

मंडी, 25 सितंबर, माण्डव्य टाईम्स
सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एस.पी.यू.) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय पुरुष एवं महिला निशानेबाजी तथा कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ गुरुवार को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन और मेहनत सिखाते हैं तथा जीवन मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं।

प्राचार्य का संदेश

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये शारीरिक और मानसिक दृढ़ता प्रदान करने के साथ ही राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सफलता और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

शिनेबाजी और कबड्डी में 252 खिलाड़ी

निशानेबाजी प्रतियोगिता के अध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने बताया कि कुल्लू, लाहौल-स्पीति और मंडी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की 30 टीमें इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही हैं। इनमें निशानेबाजी पुरुष वर्ग की 5 व महिला वर्ग की 6 टीमें शामिल हैं। वहीं कबड्डी पुरुष वर्ग में 11 और महिला वर्ग में 8 टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।




**रोमांचक मुकाबले**

कबड्डी प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए। गवर्नमेंट कॉलेज बासा ने गवर्नमेंट कॉलेज धरमपुर को 36–9 से हराया। दूसरा मुकाबला एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर और एनसीईई पंडोह के बीच हुआ, जिसमें सुंदरनगर ने 54–14 से शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मैच में वल्लभ कॉलेज मंडी ने गवर्नमेंट कॉलेज हरिपुर, मनाली को 73–11 से मात दी।

**आयोजन स्थल व समन्वयक**

निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन भ्यूली स्थित लखनपाल अकादमी में किया जा रहा है, जबकि कबड्डी मुकाबले वल्लभ कॉलेज के मैदान में खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. रविंद्र कुमार व डॉ. सुनील सेन हैं।

**विशेष उपस्थिति**

इस अवसर पर कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी हर्ष ठाकुर, डॉ. बनिता सकलानी, डॉ. निर्मल सिंह, अजय लखनपाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।